# विशेषण

**Presented By:**

**Amit Kumar Pandey**

# विशेषण

जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे विशेषण कहते हैं |

**जैसे** →

यह पेड़ **विशाल** है |

वैशाली **लंबी** है |

वह गाय **सफेद** है |

मेज़ पर **चार** पुस्तकें रखी हैं |

# प्रविशेषण


**प्रविशेषण –** कुछ शब्द विशेषणों की भी विशेषता बताते हैं, ऐसे शब्दों को प्रविशेषण कहते हैं;

**जैसे** →

वह **अति** सुंदर है |

मोहन **बहुत** मोटा है |

# विशेषण के भेद



# गुणवाचक विशेषण

जो विशेषण संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, दशा, भाव, रंग, आकार, समय, स्थान आदि का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं;

**जैसे –**

यह घोड़ा **कमजोर** है |

यह आम **मीठा** है |

यह आदमी **लंबा** है |

# परिमाणवाचक विशेषण


जो विशेषण शब्द किसी वस्तु की मात्रा, नाप-तोल, आदि का बोध कराते है, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं

**जैसे –**

सीता **चार मीटर** कपड़ा लाई |

माँ ने **दो दर्जन** केले खरीदे |

राम ने आज **दो लीटर** दूध लिया है |


परिमाणवाचक विशेषण के प्रकार
अनिश्चित परिमाणवाचक
निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

- **निश्चित परिमाणवाचक**
  जैसे→
  → **तीन लीटर** दूध देना
  → आगरा **250 कि. मी. दूर** है |
  → **एक किलो** चीनी दे दो |

- **अनिश्चित परिमाणवाचक**
  जैसे→
  → बच्चें ने **थोड़ा** दूध पीया है |
  → दीदी बाजार से **कुछ** फल लेकर आई है |

# संख्यावाचक विशेषण

जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं |

जैसे

→ राधा **पाँचवी** मंज़िल पर रहती है |

→ इस प्रतियोगिता में **चार** लड़के भाग लेंगे |

→ वहाँ **तीन** कबूतर दाना चुग रहे हैं |


संख्यावाचक विशेषण के प्रकार
निश्चित संख्यावाचक
अनिश्चित संख्यावाचक

**निश्चित संख्यावाचक**

जैसे →

→ रेखा के पास **तीन** पुस्तकें हैं |

→ वेदांत ने कक्षा में **पहला** स्थान प्राप्त किया |

**अनिश्चित संख्यावाचक**

जैसे→

→ बाजार में **बहुत** दुकाने हैं |

→ मंदिर में **कई** औरते आईं |

# सार्वनामिक / संकेतवाचक विशेषण

जो सर्वनाम शब्द किसी संज्ञा के पहले जुड़कर उसकी ओर संकेत करते हैं, उसे **सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण** कहते हैं ।

जैसे →

यह **तोता** बोलता है ।
यह **पुस्तक** मेरी है ।
यह **लड़की** अच्छा गाती है ।

# THANK YOU